-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **कालीजी मंदिर बेंदा में महिला का लॉकेट चोरी करने वाली अभियुक्ता को थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी का लॉकेट बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.09.2025 को थाना तिन्दवारी की **मिशन शक्ति टीम** द्वारा दिनांक 29.09.2025 को कालीजी मंदिर बेंदा में महिला की लॉकेट चोरी करने वाली अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि बेंदा स्थित कालीजी मंदिर में दर्शन पूजन करने आई महिला की लॉकेट भीड़-भाड़ का फायदा उठाते हुए किसी के द्वारा चोरी कर लिया गया था। महिला द्वारा इसकी शिकायत मिशन शक्ति टीम से की गई। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की जांच से फुटेज निकालकर महिला की पहचान की गई। सूचना पर आज दिनांक 30.09.2025 को अभियुक्ता को बेंदा खदान वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से चोरी किया गया लॉकेट बरामद किया गया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्ता कानपुर की रहने वाली है तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं से चोरी व टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देती है। पूछताछ और जांच कर पता किया जा रहा कि इसमें और कितने लोग शामिल है जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

बरामदगी-

- चोरी किया गया लॉकेट (पीली धातु)

गिरफ्तार अभियुक्ता-

1. रामदेवी पत्नी रामप्रसाद नि0 बारीगांव थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 224/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।